my city
अमर उजाला
सूर्योदय सुबह 5.54
सूर्यास्त शाम 6.04
स्थानीय समयानुसार
33.9° temperature
26.1
अगले 7 दिनों का पूर्वानुमान देखें- amarujala.com/weather
लखनऊ | रविवार | 21.09.2025
आश्विन अमावस्या, विक्रम संवत-2082
amarujala.com/lucknow
लखनऊ





# लखनऊ के 46 शिक्षक विश्व के दो फीसदी शीर्ष वैज्ञानिकों में

## शोधपत्र के आधार पर स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय हर साल जारी करता है सूची

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** राजधानी के शिक्षकों ने एक बार फिर से दुनिया भर में अपना नाम रोशन किया है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की ओर से जारी होने वाली दुनिया के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में लखनऊ के 46 शिक्षकों ने स्थान बनाया है। पिछले साल सूची में स्थान बनाने वाले शिक्षकों की संख्या 30 से कम थी।



प्रो. आरके धीमन

अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की ओर से विज्ञान के क्षेत्र में शोधपत्र प्रकाशित करने वाले शिक्षकों और डॉक्टरों के शोध कार्यों के आधार पर तैयार की जाती है। इसमें कॅरिअर डाटा के साथ ही वर्ष-2024 में वैज्ञानिकों के शोध कार्यों को भी शामिल किया गया है।

इस बार इस सूची में पीजीआई व बीबीएयू के 15-15, केजीएमयू के नौ, लविवि के पांच और एकेटीयू के घटक संस्थानों के दो शिक्षक शामिल हैं। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद, संजय गांधी पीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमन और एकेटीयू कुलपति प्रो. जेपी पांडेय नेने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।



डॉ. रोहित सिन्हा।



प्रो. नारायण प्रसाद।



प्रो. आरके गर्ग।



प्रो. सुजीत।



प्रो. अब्बास अली मेहदी।



प्रो. सूर्यकांत।



प्रो. शैलेंद्र सक्सेना।



प्रो. राजेश वर्मा।

### बीबीएयू

पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो. नवीन कुमार अरोरा, एन्वॉयरमेंटल माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रो. राम नरेश भार्गव, भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. रमेश चंद्रा, एन्वॉयरमेंटल माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉ. जयशंकर सिंह, डॉ. विमल चंद्र पांडेय, कंप्यूटर साइंस विभाग के डॉ. आदित्य खंपारिया, भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. राजेश कुमार सिंह, प्रो. बाल चंद्र यादव, गणित विभाग के प्रो. बीएस भदौरिया एन्वॉयरमेंटल माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रो. राम चंद्रा, सैयद अनस अंसार सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ. अभिषेक वर्मा, दीपिका पी. सिंह, भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. देवेश कुमार, गणित विभाग के डॉ. मुकेश कुमार अवस्थी।

**आईईटी व एकेटीयू के शिक्षक भी :** इस सूची में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के घटक संस्थान के दो शिक्षकों ने जगह बनाई है। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रो. अरुण तिवारी ने लगातार पांचवीं बार जगह बनाई है। वहीं सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज (कैश) में मेकाट्रॉनिक्स के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुज कुमार शर्मा भी इस बार इसमें शामिल हुए हैं।

### संजय गांधी पीजीआई

- प्रोफेसर राधा के धीमन- संजय गांधी पीजीआई के निदेशक और हेपेटोलॉजी विभाग के डॉक्टर।
- प्रोफेसर बलराज मित्तल (सेवानिवृत्त)- मेडिकल जेनेटिक्स।
- सेवानिवृत्त प्रो. रमा देवी मित्तल (सेवानिवृत्त)- यूरोलॉजी।
- प्रोफेसर राकेश अग्रवाल- विभागाध्यक्ष गैस्ट्रोएंटरोलॉजी।
- प्रोफेसर अमिता अग्रवाल - विभागाध्यक्ष क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी।
- प्रोफेसर उदय चंद्र घोषाल- पूर्व विभागाध्यक्ष गैस्ट्रोएंटरोलॉजी।
- प्रोफेसर जयंती कालिता- विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी।
- प्रोफेसर गौरव अग्रवाल- विभागाध्यक्ष एंडोक्राइन एंड ब्रेस्ट सर्जरी।
- प्रोफेसर उज्जल पोद्दार- विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी।
- प्रोफेसर अंशु श्रीवास्तव- पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी।
- प्रोफेसर नारायण प्रसाद- विभागाध्यक्ष नेफ्रोलॉजी।
- प्रोफेसर मोहन गुर्जर- क्रिटिकल केयर मेडिसिन।
- प्रोफेसर प्रभाकर मिश्रा- बायोस्टैटिस्टिक्स एंड हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स।
- डॉ. दुर्गा प्रसन्ना मिश्रा- क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी।
- डॉ. रोहित सिन्हा- एंडोक्राइनोलॉजी।